**05-01-2024**




# एन एस आई संस्थान का 51 वां दीक्षांत समारोह होगा आयोजित

संवाददाता

कानपुर। कानपुर संस्थान का 51 वां दीक्षांत समारोह 2020-21, 2021-22 और 2022-23 वर्ष के उत्तीर्ण छात्रों को उपाधियों के वितरण हेतु 12 जनवरी 2024 को आयोजित किया जा रहा है। साध्वी निरंजन ज्योति राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने मुख्य अतिथि बनने के लिए अपनी सहमति प्रदान की है। अश्विन श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव (शर्करा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। दीक्षांत समारोह में इन शैक्षणिक वर्षों के दौरान उत्तीर्ण लगभग 745 छात्रों को उपाधियां वितरित की जाएंगी। दीक्षांत समारोह के दौरान भारत



सरकार द्वारा दिया जाने वाला प्रतिष्ठित महात्मा गांधी गोल्ड मेडल, शुगर टेक्नोलॉजी कोर्स के टॉपर को दिया जाएगा। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर के निदेशक नरेंद्र मोहन ने कहा कि पहली बार, वर्ष 2022-23 के लिए महात्मा गांधी स्वर्ण पदक एक विदेशी छात्र नाइजीरिया के सैमसन अकोरे अडोये को दिया जाएगा। निदेशक, राष्ट्रीय शर्करा संस्थान ने कहा कि इसके अतिरिक्त अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कार जैसे श्रीजी फ्यूचर लीडर अवार्ड, आईएसजीईसी एक्सीलेंस अवार्ड, सी. वी. सुब्बाराव एक्सीलेंस अवार्ड और प्राज एक्सीलेंस अवार्ड विभिन्न अन्य पाठ्यक्रमों के मेधावी छात्रों को भी दिए जाएंगे। इसके साथ-साथ इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन, नेशनल फेडरेशन ऑफकोऑपरेटिव शुगर फैक्टरीज और ग्लोबल केन शुगर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दिए जाने वाले विभिन्न नगद पुरस्कार भी मुख्य अतिथि के कर कमलों से प्रदान किए जाएंगे। निदेशक ने बताया कि दीक्षांत समारोह के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों के मेधावी छात्रों को 17 पदक और 40 नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि संयोग से दीक्षांत समारोह उस दिन आयोजित किया जा रहा है जो स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन है और जिसे प्राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है अत: हम स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद दीक्षांत समारोह की कार्यवाही शुरू करेंगे।

# शर्करा संस्थान का दीक्षांत समारोह 12 को होगी डिग्री एवं मैडल की बौछार

नगराज दर्पण समाचार



कानपुर। नेशनल शुगर का इंस्टीट्यूट के 51 दीक्षांत समारोह में डिग्री मेडल तथा नगद पुरस्कारों की बौछार होगी। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति मौजूद रहेगी। यह जानकारी इंस्टिट्यूट के निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन ने गुरुवार को पत्रकारों से वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि बीते 3 वर्षों से कॉविड के चलते इंस्टिट्यूट में दीक्षांत समारोह संपन्न नहीं हुआ था, लेकिन इस बार इसे बड़े पैमाने पर संपन्न कराया जा रहा है बीते 3 वर्षों से जो छात्र-छात्राएं यहां से उत्तीर्ण हुए हैं उन सभी को मेडल डिग्री एवं नगद पुरस्कार दिया जाएगा इसके साथ ही तीन नए पुरस्कारों की भी घोषणा की जाएगी जो अगले वित्तीय वर्ष से लागू होंगे। इस बार महात्मा गांधी स्वर्ण पदक अवार्ड नाइजीरिया के छात्र को मिलेगा। दीक्षांत समारोह में कुल 745 छात्र-छात्राओं को मेडल डिग्री आदि पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस बार 17 पदक तथा 40 छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार दिया जाएगा जो की 10 हजार से लेकर 20 हजार तक के होंगे। दीक्षांत समारोह में तीनों सत्र के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। श्री मोहन ने बताया कि जिस दिन इंस्टिट्यूट में दीक्षांत समारोह आयोजित होगा उसी दिन स्वामी विवेकानंद जी की जयंती है । कार्यक्रम की शुरुआत सबसे पहले उनके चित्र पर माल्यार्पण कर की जाएगी। वार्ता में उपस्थित परीक्षा नियंत्रक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि दीक्षांत समारोह वाले दिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में सभी कार्यक्रम संपन्न कराए जाएंगे इस मौके पर महेंद्र कुमार यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# विदेशी छात्र को मिलेगा महात्मा गांधी स्वर्ण पदक

## ❑ एनएसआई का 51 वां दीक्षांत समारोह 12 को



मीडिया को जानकारी देते एनएसआई के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन।

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 4 जनवरी। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) में आगामी 12 जनवरी 51वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जायेगा। इसमें सत्र 2020-21, 2021-22 व 2022-23 के 745 छात्र-छात्राओं को डिग्री दी जाएगी। समारोह में मेधावियों को 17 पदक और 40 नकद पुरस्कार से भी सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी संस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर दी। उन्होंने बताया कि एनएसआई में पहली बार दीक्षांत समारोह में किसी विदेशी छात्र को सर्वोच्च पदक (महात्मा गांधी स्वर्ण पदक) से सम्मानित किया जाएगा। यह पदक नाइजीरिया के छात्र सैमसन अकोरे अडोये को मिलेगा। सैमसन ने वर्ष 2020 में शुगर टेक्नोलॉजी में दाखिला लिया था। नेशनल शुगर डेवलपमेंट काउंसिल नाइजीरिया की ओर से स्कॉलरशिप पर सैमसन ने कानपुर में तीन साल रहकर नियमित पढ़ाई की है। उन्होंने बताया कि समारोह में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण व ग्रामीण विकास मंत्रालय की राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति बतौर मुख्य अतिथि एवं मंत्रालय के ज्वाइंट सेक्रेटरी (शुगर) अश्विन श्रीवास्तव बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। प्रो. मोहन ने बताया कि तीनों सत्र में सर्वोच्च अंक लाने वाले तीन मेधावियों को महात्मा गांधी स्वर्ण पदक दिया जाएगा। साथ ही श्रीजी फ्यूचर लीडर अवार्ड, आईएसजीईसी एक्सीलेंस अवार्ड, सीवी सुब्बाराव एक्सीलेंस अवार्ड और प्राज एक्सीलेंस अवार्ड भी दिये जाएंगे। विभिन्न पाठ्यक्रम के मेधावियों को इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन, नेशनल फेडरेशन ऑफ को-ऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज और ग्लोबल केन शुगर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की ओर से नकद पुरस्कार दिया जाएगा। दीक्षांत समारोह में छात्रों को फेलोशिप प्रदान की जाएगी। प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि नॉन सल्फर शुगर बनाने वाले मोहित कुमार, जो वर्तमान में संस्थान में ही कार्यरत हैं और त्रिवेणी इंजीनियरिंग के डीजीएम और सुपर शुगर बनाने वाले राजेश सिंह को यह फेलोशिप दी जाएगी।



नाइजीरिया का छात्र सैमसन अकोरे अडोये।

### दीक्षांत समारोह में होगी तीन नए पदकों की घोषणा

कानपुर। प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि दीक्षांत समारोह में तीन नए प्रायोजित पदक की घोषणा की जाएगी। बलरामपुर चीनी मिल्स के एमडी की मां के नाम पर पदमश्री मीनाक्षी सरावगी गोल्ड मेडल व 20 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसी तरहए डालमिया भारत शुगर मिल्स की ओर से डालमिया भारत गोल्ड मेडल व 20 हजार रुपये नकद पुरस्कार और एलुमिनाई डॉ. जीडी निगम की ओर से गोल्ड मेडल व सिल्वर मेडल दिए जाने की घोषणा की जाएगी। इसकी शुरुआत सत्र 2023-24 में पास होने वाले छात्रों से की जाएगी।

# पहली बार किसी विदेशी छात्र को मिलेगा महात्मा गांधी स्वर्ण पदक

## एनएसआई का दीक्षांत 21 को, नाइजीरिया के छात्र सैमसन ने शुगर टेक्नोलॉजी कोर्स में किया टॉप

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट (एनएसआई) के 51वें दीक्षांत समारोह में पहली बार किसी विदेशी छात्र को स्वर्ण पदक दिया जाएगा। दीक्षांत समारोह 21 जनवरी को होगा। इसमें नाइजीरिया के छात्र सैमसन अकोरे अडोये को महात्मा गांधी गोल्ड मेडल दिया जाएगा। सैमसन ने शुगर टेक्नोलॉजी कोर्स में टॉप किया है।

इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि महात्मा गांधी गोल्ड मेडल भारत सरकार की ओर से दिया जाता है। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह में 17 पदक, 40 नकद पुरस्कार और 745 उपाधियां दी जाएंगी। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति और विशिष्ट अतिथि संयुक्त सचिव (शर्करा) अश्विन श्रीवास्तव होंगे। दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2020-21, वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 सत्र के छात्रों को उपाधियां दी जाएंगी।

प्रोफेसर नरेंद्र मोहन ने बताया कि मेडल और नकद पुरस्कार के अलावा विभिन्न अवार्ड भी मेधावियों को दिए जाएंगे। इनमें श्रीजी फ्यूचर लीडर अवार्ड, आईएसजीईसी एक्सीलेंस अवार्ड, सीवी सुब्बाराव एक्सीलेंस अवार्ड और प्राज एक्सीलेंस अवार्ड विभिन्न पाठ्यक्रमों के मेधावी छात्र-छात्राओं को दिए जाएंगे। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन, नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्टरीज और ग्लोबल केन शुगर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड मेधावियों को नकद पुरस्कार देंगी। परीक्षा नियंत्रक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि दीक्षांत 21 जनवरी को है। इस दिन स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।



एनएसआई में राजेश सिंह को फेलोशिप देते निदेशक नरेंद्र मोहन व अन्य। संवाद

### सुपर शुगर तैयार करने पर मिली फेलोशिप

कानपुर। सुपर शुगर तैयार करने के लिए त्रिवेणी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के डिप्टी जनरल मैनेजर राजेश सिंह को शुगर टेक्नोलॉजी में फेलोशिप (डिग्री) मिली है। राजेश सिंह ने नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन के अंडर में तीन साल शोध करके सुपर शुगर तैयार की थी। सुपर शुगर पोषकतत्व युक्त है। साथ ही गन्ने के रस को साफ करने की नई तकनीक तैयार करने पर इंस्टीट्यूट के मोहित कुमार को भी फेलोशिप मिली है। मोहित के शोध से सल्फर रहित चीनी बनाना आसान हुआ है। निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन ने बताया कि फेलोशिप संबंधित विषय की डिग्री है। इसे दीक्षांत समारोह में प्रदान किया जाएगा। (संवाद)

दैनिक नगर छाया आप की आवाज़.....
WWW.nagarchhaya.com
कानपुर

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर होगा एनएसआई का दीक्षांत समारोह

## उत्तीर्ण लगभग 745 छात्रों को वितरित की जाएंगी उपाधियां

**कानपुर (नगर छाया समाचार)।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान का 51वां दीक्षांत समारोह 2020-21, 2021-22 और 2022-23 वर्ष के उत्तीर्ण छात्रों को उपाधियों का वितरण कार्यक्रम 12 जनवरी 2024 को आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन ने पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदान की। पत्रकारों से वार्ता के दौरान बताया कि साध्वी निरंजन ज्योति राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने मुख्य अतिथि बनने के लिए अपनी सहमति प्रदान की है। अश्विन श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव (शर्करा) भी विशिष्ट अतिथि के रुप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे।

साथ ही कहा कि दीक्षांत समारोह में इन शैक्षणिक वर्षों के दौरान उत्तीर्ण लगभग 745 छात्रों को उपाधियां वितरित की जाएंगी। दीक्षांत समारोह के दौरान भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला प्रतिष्ठित महात्मा गांधी गोल्ड मेडल, शुगर टेक्नोलॉजी कोर्स के टॉपर को दिया



जाएगा। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर के निदेशक नरेंद्र मोहन ने यह भी कहा कि पहली बार, वर्ष 2022-23 के लिए महात्मा गांधी स्वर्ण पदक एक विदेशी छात्र नाइजीरिया के सैमसन अकोरे अडोये को दिया जाएगा। निदेशक, राष्ट्रीय शर्करा संस्थान ने कहा कि इसके अतिरिक्त अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कार जैसे श्रीजी फ्यूचर लीडर अवार्ड, आईएसजीईसी एक्सीलेंस अवार्ड, सी.वी.सुब्बाराव एक्सीलेंस अवार्ड और प्राज एक्सीलेंस अवार्ड विभिन्न अन्य पाठ्यक्रमों के मेधावी छात्रों को भी दिए जाएंगे। इसके साथ-साथ इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन, नेशनल फेडरेशन ऑफ़ कोऑपरेटिव शुगर फैक्टरीज और ग्लोबल केन शुगर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दिए जाने वाले विभिन्न नगद पुरस्कार भी मुख्य अतिथि के कर कमलों से प्रदान किए जाएंगे। निदेशक ने यह भी बताया कि दीक्षांत समारोह के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों के मेधावी छात्रों को 17 पदक और 40 नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

परीक्षा नियंत्रक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि संयोग से दीक्षांत समारोह उस दिन आयोजित किया जा रहा है जो स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन है और जिसे राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद दीक्षांत समारोह की कार्यवाही शुरू करेंगे।

# 51वा दीक्षांत समारोह में एनएसआई छात्र-छात्राओं को डिग्री एवं मैडल से करेगा सम्मानित

संवाददाता/अरुण जोशी

कानपुर। नेशनल शुगर का इंस्टीट्यूट कानपुर के 51 दीक्षांत समारोह में डिग्री मेडल तथा नगद पुरस्कारों की बौछार होगी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति मौजूद रहेगी। यह जानकारी इंस्टिट्यूट के निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन ने दी। उन्होंने बताया कि बीते 3 वर्षों से कॉविड 19 के चलते इंस्टिट्यूट में दीक्षांत समारोह संपन्न नहीं हुआ था लेकिन इस बार इसे बड़े पैमाने पर संपन्न कराया जा रहा है। बीते 3 वर्षों से जो छात्र-छात्राएं यहां से उत्तीर्ण हुए हैं उन सभी को मेडल डिग्री एवं नगद पुरस्कार दिया जाएगा इसके साथ ही तीन नए पुरस्कारों की भी घोषणा की जाएगी जो अगले वित्तीय वर्ष से लागू होंगे। इस बार महात्मा गांधी स्वर्ण पदक अवार्ड नाइजीरिया के छात्र को मिलेगा। दीक्षांत समारोह में कल



745 छात्र-छात्राओं को मेडल डिग्री आदि पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस बार 17 पदक तथा 40 छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार दिया जाएगा जो की 10000 से लेकर ?20000 तक के होंगे। दीक्षांत समारोह में तीनों सत्र के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। श्री मोहन ने बताया कि जिस दिन इंस्टिट्यूट में दीक्षांत समारोह आयोजित होगा उसी दिन स्वामी विवेकानंद जी की जयंती है कार्यक्रम की शुरुआत सबसे पहले उनके चित्र पर माल्यार्पण कर की जाएगी। वार्ता में उपस्थित परीक्षा नियंत्रक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि दीक्षांत समारोह वाले दिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में सभी कार्यक्रम संपन्न कराए जाएंगे इस मौके पर महेंद्र कुमार यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# 12 जनवरी को होगा एनएसआई का 51वां दीक्षांत समारोह

**आज का कानपुर**

कानपुर । राष्ट्रीय शर्करा संस्थान का 51वां दीक्षांत समारोह 12 जनवरी 2024 को आयोजित को आयोजित होना है जहां 21,22,23 वर्ष के उत्तीर्ण लगभग 745 छात्रों को उपाधियां वितरित की जाएंगी और विभिन्न पाठ्यक्रमों के मेधावी छात्रों को 17 पदक और 40 नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।एक प्रेस वार्ता करते हुए जानकारी देते हुए संस्थान के निदेशक नरेंद्र मोहन ने कहा कि पहली बार, वर्ष 2022-23 के लिए महात्मा गांधी स्वर्ण पदक एक विदेशी छात्र नाइजीरिया के सैमसन अकोरे अडोये को दिया जाएगा कार्यक्रम में साध्वी निरंजन ज्योति राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने मुख्य अतिथि बनने के लिए अपनी सहमति प्रदान की है वही अश्विन श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव (शर्करा) भी विशिष्ट अतिथि के रुप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे।इसके साथ ही दीक्षांत



समारोह में इन शैक्षणिक वर्षों के दौरान उत्तीर्ण । दीक्षांत समारोह के दौरान भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला प्रतिष्ठित महात्मा गांधी गोल्ड मेडल, शुगर टेक्नोलॉजी कोर्स के टॉपर को दिया जाएगा।

# NSI convocation on January 12

**PIONEER NEWS SERVICE ■ KANPUR**

The 51st convocation of the National Sugar Institute (NSI) for the distribution of titles to the students of 2020-21, 2021-22 and 2022-23 batches will be held on January 1 While Union Minister o of Consumer Affairs and Public Distributio Rural Development Sa Niranjan Jyoti has agreed to be the chief guest, Joint Secretary (Sugar) Aswani Srivastava will also grace the function as the distinguished guest.

During the convocation, titles will be distributed to about 745 students. The prestigious Mahatma Gandhi Gold Medal awarded by the Government of India will be given to the topper of the Sugar Technology course. For the first time for the year 2022-23, the Mahatma Gandhi Gold Medal will be given to an overseas student Samson Akore Adeoye of Nigeria, NSI Director Narendra Mohan said on Thursday. In addition other prestigious awards viz. Shrijee Future Leader Award, ISGEC Excellence Award, CV Subbarao Excellence Award and Praj Excellence Award will also be given to the meritorious students of various other courses. Apart from these various cash awards constituted by the Indian Sugar Mills Association, the National Federation of Cooperative Sugar Factories and the Global Cane Sugar Services Pvt. Ltd. will also be given by the chief guest, he added. During the convocation, 17 medals and 40 cash awards will be conferred on meritorious students of various courses, he said. The convocation incidentally is being organised on the day which happens to be the birth anniversary of Swami Vivekananda and celebrated as the National Youth Day. So we will start the convocation proceedings after paying floral tributes to him, Controller of Examinations, Virendra Kumar, said.

# एनएसआई का दीक्षांत 12 को, महात्मा गांधी गोल्ड मेडल नाइजीरियाई छात्र को

कानपुर (एसएनबी)। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान का 51वां दीक्षांत समारोह 12 जनवरी को आयोजित किया जायेगा। दीक्षांत समारोह में सत्र 2020-21, 2021-22 और 2022-23 वर्ष के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उपाधियां वितरित की जायेंगी। दीक्षांत समारोह के दौरान भारत सरकार की ओर से दिया जाने वाला महात्मा गांधी गोल्ड मेडल, शुगर टेक्नोलाजी कोर्स के टॉपर को दिया जायेगा। पहली बार यह सम्मान नाइजीरिया के छात्र सैमसन अकोरे अडोये को दिया जायेगा।

यह जानकारी गुरुवार को शर्करा संस्थान के निदेशक प्रो. नरेन्द्र मोहन ने पत्रकारों से वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि समारोह की मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति होंगी। शर्करा विभाग के संयुक्त सचिव अश्विन श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि होंगे। शैक्षणिक वर्षों में उत्तीर्ण करीब 745 छात्रों को उपाधियां वितरित की जायेंगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कार श्रीजी फ्यूचर लीडर एवार्ड, आईएसजीईसी एक्सीलेंस एवार्ड, सीवी सुब्बाराव एक्सीलेंस एवार्ड और प्राज एक्सीलेंस एवार्ड विभिन्न पाठ्यक्रमों के मेधावी छात्रों को दिया जायेगा।

इंडियन शुगर मिल्स एसोसियेशन, नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्टरीज और ग्लोबल केन शुगर सर्विसेज प्रा.लि. के माध्यम से दिये जाने वाले विभिन्न नकद पुरस्कार भी मुख्य अतिथि प्रदान करेंगी। दीक्षांत समारोह के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में मेधावी छात्रों को 17 पदक और चालीस नकद पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

परीक्षा नियंत्रक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि दीक्षांत समारोह स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन आयोजित किया जायेगा। इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है, इसलिये हम स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि अर्पित करने के बांद दीक्षांत समारोह का शुभारंभ करेंगे।